# सफाई अभियान के जरिये किया पब्लिक को अवेयर




## यूपीईएस में समुदाय आधारित स्वच्छता अभियान आयोजित

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (4 May):** सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए यूपीईएस ने बिधौली व कंडोली में 4 किमी. की दूरी तक सफाई अभियान चलाया. यूपीईएस की सीएसआर टीम द्वारा संचालित इस पहल में ग्राम प्रधानों, समुदाय के सदस्यों, एनजीओ भागीदारों और यूपीईएस के छात्रों और स्टाफ सदस्यों सहित विभिन्न लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. यह सहयोगात्मक प्रयास सामाजिक बेहतरी में विश्वविद्यालय की सक्रिय भागीदारी को रेखांकित करता है और पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है.

### मनाया वर्ल्ड बुक डे

हाल ही में यूपीईएस ने चकरना, मिसरासपट्टी, बिधौली, बिशनपुर, टूंगा, खाराखेत, पौंधा और ऊपरी कंडोली जैसे विभिन्न गांवों के प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के साथ विश्व पुस्तक दिवस भी मनाया.

### यूपीईएस ने की क्विज की मेजबानी

बताया कि यूपीईएस ने इस वर्ष की थीम हमारा पर्यावरण बचाएं पर केंद्रित एक ड्राइंग प्रतियोगिता की मेजबानी की. ऐसे तरह की पहल व जमीनी स्तर पर निरंतर भागीदारी के माध्यम से यूपीईएस स्थानीय समुदायों के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है.